Australian Government

Inspector-General of Taxation

Taxation Ombudsman

क्या आपकी टैक्स संबंधी कोई शिकायत है?

Hindi

हम कौन हैं

महानिरीक्षक और कराधान लोकपाल (आईजीटीओ) [The Inspector-General & Taxation Ombudsman (IGTO)] एक स्वतंत्र संघीय सरकारी एजेंसी है, जो ऑस्ट्रेलिया टैक्सेशन ऑफिस (एटीओ) [Australian Taxation Office (ATO)] और टैक्स प्रैक्टिशनर्स बोर्ड (टीपीबी) [Tax Practitioners Board (TPB)] की प्रशासनिक कार्यवाहियों से संबंधित आपकी शिकायतों में मदद करने के लिए ज़िम्मेदार है।

1300 44 88 29 (स्थानीय कॉल शुल्क)

हम आपकी मदद कैसे कर सकते हैं

हम आपकी शिकायतों को दूर करने में मदद करने के लिए एक स्वतंत्र, निःशुल्क, टैक्स विशेषज्ञता सेवा प्रदान करते हैं।

'प्रशासनिक कार्यवाही' एक व्यापक शब्द है जो आम तौर पर आपके साथ एटीओ या टीपीबी के व्यवहार या सहभागिता की निष्पक्षता और तर्कशीलता को कवर करती है।

आईजीटीओ जिन कामों में आपकी मदद कर सकता है, उनमें निम्नलिखित शामिल हैं लेकिन ये केवल इन्हीं तक सीमित नहीं हैं:

- आपके अनुरोधों का समय पर जवाब देना;
- एटीओ या टीपीबी अधिकारियों का आचरण;
- ऑनलाइन सेवाओं की उपलब्धता;
- एटीओ या टीपीबी की ओर से की गई कार्यवाहियों के स्पष्टीकरण का आश्वासन या उपयुक्तता;

- यह सुनिश्चित करना कि एटीओ या टीपीबी की कार्यवाहियाँ उनकी नीतियों और प्रक्रियाओं के अनुसार हैं; और
- यह सुनिश्चित करना कि एटीओ या टीपीबी आपके साथ निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से व्यवहार करें और आपको ऑडिट और जांच सहित सभी प्रासंगिक जानकारी प्रदान करें।

अगर आपको पक्का नहीं पता कि हम आपकी मदद कर सकते हैं या नहीं, तो कृपया हमसे संपर्क करें।

अगर हम सीधे आपकी मदद नहीं कर पाएंगे, तो हम आपको ऐसी उपयुक्त एजेंसी या संस्थान के बारे में बताएँगे जो आपकी मदद कर सकती है।

GPO Box 551, Sydney NSW 2001

शिकायत करने की प्रक्रिया

हमारे कार्यालय में अपनी शिकायत दर्ज करने के लिए “हमसे कैसे संपर्क करें” (How to contact us) अनुभाग देखें।

शिकायत दर्ज कराने के बाद एक आईजीटीओ जाँच अधिकारी आपकी शिकायत पर चर्चा करने के लिए 2 व्यावसायिक दिनों के भीतर आपसे संपर्क करेगा।

अगर संभव हो, तो हम सीधे आपकी शिकायत को हल करने में आपकी मदद करेंगे।

हमें आपसे अतिरिक्त जानकारी लेने की ज़रूरत भी पड़ सकती है, ताकि एटीओ या टीपीबी से संबंधित आपकी शिकायत को बेहतर ढंग से समझा जा सके और आपकी मदद करने का सबसे अच्छा तरीका तय किया जा सके।

हम अपनी प्रगति के बारे में आपको बताते रहेंगे और पूरी प्रक्रिया के दौरान अपनी जांच की समय-सीमा के बारे में सूचित करेंगे।

हमसे कैसे संपर्क करें

www.igt.gov.au

1300 44 88 29
(स्थानीय कॉल शुल्क)

GPO Box 551
Sydney NSW 2001

अगर आप अंग्रेज़ी के अलावा किसी अन्य भाषा में अपनी शिकायत दर्ज कराना चाहते/चाहती हैं, तो **131 450** पर अनुवाद और दुभाषिया सेवा [Translating and Interpreting Service (TIS)] को कॉल करें।

अगर आपको सुनने या बोलने में दिक्कत है और आप उपयुक्त टेलीटाइपराइटर (टीटीवाई) या मॉडम उपकरण का इस्तेमाल करते/करती हैं, तो **13 36 77** पर फ़ोन करें।

अगर आप टीटीवाई या मॉडम उपकरण का इस्तेमाल नहीं करते/करती हैं, तो **1300 555 727** पर स्पीच टु स्पीच रिले सर्विस (Speech to Speech Relay Service) को फ़ोन करें।